कार्यालय प्राचार्य, शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
चिरमिरी, जिला–कोरिया (छ.ग.)
नैक द्वारा "C" ग्रेड प्रदत्त
Affiliated to Sant Gahira Guru University, Ambikapur Phone No. 07771-265026
Email-govtlahiricollege@gmail.com AISHE: C-9736 Website- www.govtlahiripgcollege.com

AQAR: 2021-22

3.3.2 - Number of research papers per teachers in the Journals notified on UGC website during the year

Sl. No.	Contents	Page (From-to)
1	Report of published research paper per teacher	02-03
2	Scan copy of the research article	04-31

IQAC Coordinator

IQAC Coordinator
Govt. Lahiri P.G. College, Chirimiri
Distt. - Korlya (C.G.)

Principal

Govt. Lahiri P.G. College
Chirimiri, Distt.- Korea (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
चिरमिरी जिला–कोरिया (छ.ग.)
नैक द्वारा "C" ग्रेड प्रदत्त
Affiliated to Sarguja University, Ambikapur AISHE: C-9736 Phone No. 07771-265026
Email-govtlahiricollege@gmail.com Website- www.govtlahiripgcollege.com

Report of research papers published per teacher in the Journals notified on UGC website during the year:

Session: 2021-22

Sl. No.	Title of paper	Name of the author/s	Department of the teacher	Name of journal	ISSN number
1	दोपहर का भोजनः मध्यवर्गीय जीवन का यथार्थ	डा. राम किंकर पाण्डेय	हिन्दी	शोध सृजन	Nil
2	राम नरेश त्रिपाठी का काव्य वैविध्य			शोध सृजन	Nil
3	विस्थापन की त्रासदी का महावृत्तांतः डूब			शोध संचार बुलेटिन	2229-3620
4	नई कहानी आंदोलन के अंतः सूत्रों की पड़ताल			शोध धारा	0975-3664
5	धर्मवीर भारती का साहित्य चिंतन			शोध दिशा	0975-735 X
6	भीष्म साहनी का औपन्यासिक अवदान			समसामयिक सृजन	2320-5733
7	मुक्ति बोध की कहानियॉः वैचाारिक के कलेवर में आख्याान			समसामयिक सृजन	2320-5733
8	हिन्दी कथा साहित्य और आलोचनाः विधात्मक स्वरूप की पहचान			शोध दिशा	0975-735 X
9	राष्ट्रीय चेतना के प्रखर संवाहक मैथिलीशरण गुप्त			समसामयिक सृजन	2320-5733
10	भक्ति आंदोलन में मराठी एवं गुजराती संतो का प्रदेय			शोध दिशा	0975-735 X
11	Study of effect of Magnetic Clouds Geomagnetic Indices during period 2007	Mr. S.C.Chaturvedi	Physics	Asian basic and applied research journal	168-171
12	Correlative Study of Interplanetary Magnetic Field (IMF) with Solar Indices during period 2008-2020			Indian journal of research	2250-1991

13	The Solar-Terrestrial Links and Energy Transfer Mechanism in Recurrent and Non-recurrent Geomagnetic Activities and Impacts of Solar Plasma on Earth's	Mr. S.C.Chaturvedi	Physics	International Journal of Research in Engineering and Science	2320-9364
14	The geomagnetic field variations Morphology of Geomagnetic Storms and distribution of Plasma in the Magnetosphere			International Journal of Creative Research Thoughts	2320-2882
15	Race and gender marginalization in Toni Morrison's the bluest eye	Dr Aradhana Goswami	English	Journal of literature, culture and media studies	0974-7192
16	Human Rights in India: The Constitutional Framework	Dr. Ashish Kumar Pandey	Commerce	JICR Journal	0022-1945
17	Impact of labour welfare practices on employees' satisfaction			Shodh Sarita	2348-2397
18	Synthesis, Molecular Docking, and Biological Evaluation of Schiff Base Hybrids of 1,2,4-Triazole-Pyridine as Dihydrofolate Reeducates Inhibitors	Dr. Dhansay Dewangan	Chemistry	Current Research in Pharmacology and Drug Discovery	2590-2571

IQAC Coordinator

IQAC Coordinator
Govt. Lahiri P.G. College, Chirimiri
Distt. - Korlya (C.G.)

Principal

Principal
Govt. Lahiri P.G. College
Chirimiri, Distt.- Korea (C.G.)

दोपहर का भोजन: मध्यवर्गीय जीवन का आख्यान

डॉ. राम किंकर पाण्डेय

अमरकांत हिन्दी कथा साहित्य के उन विरले कथाकारों में से हैं जिन्होंने अपनी कहानियों के माध्यम से मध्यवर्गीय जीवन का जीवंत आख्यान प्रस्तुत किया है। वे नयी कहानी आंदोलन के दौर के महत्त्वपूर्ण कहानीकार हैं । उनकी कहानियों में मध्यवर्ग के दारुण यथार्थ और जिजीविषा, घनीभूत पीड़ा और जीवन संघर्ष का अंतरंग चित्रण मिलता है। इस संबंध में डॉ. नामवर सिंह ने कहा है -''अमरकांत ने अपनी कहानियाँ यहीं से उठायी हैं और इस तरह हमारी आँखों में हमारी ही जिन्दगी के जाने कितने पर्दे उठ गए हैं। इस क्षेत्र में अमरकांत की कहानियाँ किसी भी नए लेखक के लिए चुनौती हैं।'' उनकी कहानियों का कथानक और उसकी शैली सहज और स्वाभाविक होती है, कथा की बुनावट जीवन-संघर्ष के नजदीक और यर्थाथ से संपृक्त होती है। उनकी प्रसिद्ध कहानियों 'डिप्टी कलक्टरी', जिन्दगी और जोंक', 'मकान', 'दोपहर का भोजन', आदि ऐसी कहानियाँ हैं जो जीवन की जटिलताओं को समेटते हुए उसके समग्र यथार्थ का उद्घाटन करती हैं।

'दोपहर का भोजन' कहानी का प्रकाशन 1956 ई. में हुआ था और हिन्दी कहानी में यह दौर नयी कहानी का था साथ ही भारत के सामाजिक और राजनीतिक वातावरण में यह समय मोहभंग का भी था। आजादी के बाद का पहला और दूसरा दशक मध्यवर्ग के लिहाज से मोहभंग का ही समय था। यह मोहभंग के देश के स्वाधीनता संघर्ष के दौरान देखे गए उन सपनों का था, जिनके पूरे होने की उम्मीद देशवासी लगाए हुए बैठे थे। लेकिन तत्कालीन नीतियों के कारण वे सपने पूरे नहीं हो सके थे और अधिकांश देशवासी अपने को ठगा सा महसूस कर रहे थे। नयी कहानी के कहानीकारों ने इस मोहभंग, घुटन, संत्रास, पीड़ा और संघर्ष को अपनी कहानियों में यथार्थ रूप में चित्रित किया है।

अमरकांत की कहानी 'दोपहर का भोजन' मध्यवर्ग की टूटन, घुटन गरीबी, संत्रास और बेरोजगारी से उपजी पीड़ा की दारुण और दुखद स्थितियों की सघन अभिव्यक्ति है। 'दोपहर का भोजन' कहानी आकार में छोटी है,लेकिन अपने प्रभांव और सघनता में बड़ी है। वास्तव में यह एक बड़े फलक की कहानी है, कथा के माध्यम से लेखक मध्यवर्गीय परिवार की लाचारी और स्त्री की दुखभरी कथा को भी उठाता है। सिद्धेश्वरी के माध्यम से लेखक यह बताने की कोशिश करता है कि मध्यवर्गीय परिवार में सर्वाधिक दुख स्त्री को ही भुगतना पड़ता है। इसकी पुष्टि कहानी के आरंभ में ही इस कथन से होती है -''सिद्धेश्वरी ने खाना बनाने के बाद चूल्हे को बुझा दिया और दोनों घुटनों के बीच सिर रखकर शायद पैर की अंगुलियों या जमीन पर चलते चींटे-चींटियों को देखने लगी। अचानक उसे मालूम हुआ कि बहुत जोर से उसे प्यास लगी है, वह मतवाले की तरह उठी और गगरे से लोटा भर पानी लेकर गट-गट चढ़ा गयी। खाली पानी उसके कलेजे में लग गया और वह 'हाय राम' कहकर वहीं जमीन पर लेट गयी।'' यहाँ पता चलता है कि सिद्धेश्वरी किस कदर बेबस और किंकर्तव्यविमूढ़ है। सिद्धेश्वरी की स्थिति देखकर हमें उसके पूरे परिवार की हालत का पता चल जाता है। भूख से वह व्याकुल है इसलिए एक लोटा पानी पीकर रह जाती है। कमजोरी के कारण वह मतवाले की तरह चलती है। यहाँ इस बात की पुष्टि भी होती है कि जब वह पानी पीती है, तो पानी उसके कलेजे में लग जाता है और वह दर्द से बेहाल होकर वहीं निढ़ाल होकर लेट जाती है।

Scanned by CamScanner

अनुक्रम

संपादकीय 3

प्रेमचन्द और फ़िल्म साहित्य एक समीक्षात्मक अध्ययन ▪ डॉ. लता अग्रवाल 5

अभिषेक त्रिपाठी की कविताएँ ▪ कालां जादू 10

कोरोना- एक प्रेम गाथा ▪ डा .महिमा श्रीवास्तव 11

पर्यावरण ▪ रामदरश मिश्र 13

ज़हीर कुरेशी की ग़ज़लों में बीसवीं सदी के नारी-मन की खुलती किताब ▪ डॉ. मधुकर खराटे 14

पार्थक्य ▪ अमित कुमार 18

प्रवासी हिन्दी साहित्य में भारतीय संस्कृति ▪ डॉ. (श्रीमती) काकोली गोराई 21

भारतेंदु और नए ज़माने की मुकरियाँ ▪ डॉ० सुनीता साव 23

आत्मकथ्य: मैं और मेरी बाल कविताएँ ▪ प्रकाश मनु 26

रामनरेश त्रिपाठी का काव्य वैविध्य ▪ डॉ. राम किंकर पाण्डेय 36

कविता ▪ लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता 41

समकालीन हिन्दी साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर भीष्म साहनी ▪ डॉ. एस. ए. मंजुनाथ 42

साध्वी मीराबाई की मर्दानगी ▪ अक्षय चैतन्य 46

लाल सिंह: सांस्कृतिक चेतना का मुख्य स्वर शोध-सृजन निर्माण
की संस्कृति का वाहक शोध-सृजन: शैलेश सिंह ▪ मधुरिमा भट्टाचार्जी 51

पाहुड़दोहा: अपभ्रंश का जैन रहस्यवादी काव्य ▪ डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य 53

शोध-सृजन - समीक्षा-दिसंबर, 2020 ▪ डॉ. रेशमी पांडा मुखर्जी 64

यह प्रेम कथा नहीं है ▪ शाश्वत रतन 65

विवेकानंद के दर्शन के आलोक में निराला की कविताएँ ▪ डॉ. सुनील कुमार 71

सर विलियम जोंस की 275 वीं सालगिरह
साहित्य की वैज्ञानिक अर्थवत्ता संदर्भ ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य ▪ राम आह्लाद चौधरी 78

Scanned by CamScanner

रामनरेश त्रिपाठी का काव्य वैविध्य

डॉ. राम किंकर पाण्डेय

बहुमुखी प्रतिभा के धनी समर्थ रचनाकार पंडित राम नरेश त्रिपाठी का रचना काल पचास वर्ष की कालावधि में फैला हुआ है। उन्होंने इस दौरान साहित्य की विविध विधाओं में अधिकार पूर्वक रचनाएँ की है। त्रिपाठी जी कवि, कहानीकार, उपन्यासकार, नाटककार, कोशकार, टीकाकार, आलोचक,सम्पादक, चरित लेखक, व्यंग्य लेखक, बाल साहित्यकार, शिक्षण साहित्य लेखक, इतिहास लेखक, सूक्तिकार, वैयाकरण एवं भाषाविद, यात्रा वृत्तांतकार के साथ-साथ संगीत, विज्ञान, अनुवाद, संस्कृति, राजनीति एवं ग्राम्य गीतों के संकलनकर्ता और लेखन मोर्चे पर आजीवन तैनात रहे। द्विवेदी युग और छायावाद के संधि-स्थल पर खड़े त्रिपाठी जी खड़ी बोली को काव्य भाषा के रूप में सजाने संवारने वालों में अग्रगण्य रहे हैं। आलोचक डॉ. धीरेन्द्र वर्मा अपनी पुस्तक 'आधुनिक हिन्दी काव्य' में लिखते हैं - ''अतः साहित्य के जितने अंगों पर त्रिपाठी जी ने रचना की है उतने अंगो पर साहित्य के किसी लेखक की लेखनी ने काम नहीं किया है। इस क्षेत्र में त्रिपाठी जी अद्वितीय हैं।''1 जब हम त्रिपाठी जी के रचना-संसार पर दृष्टि डालते हैं तो देखते हैं कि उनके रचनाकार का कवि रूप हमारे सामने सर्वाधिक मुखरित होकर आता है। उन्होनें अपनी रचनाओं के माध्यम से देश-प्रेम की भावना का प्रसार करने के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक चेतना के प्रसार का भी कार्य किया है।

त्रिपाठी जी की प्रकाशित काव्य कृतियों में मिलन (1917ई.), पथिक (1920 ई.) और स्वप्न (1928 ई.) चर्चित रहे हैं। उन्होंने अपने इन तीनों खंड काव्यों की य पृष्ठभूमि पर ही किया है। 'मिलन' एक तरह से रा य जागरण का स्वर मुखरित करता है। उसका कथानक तत्कालीन राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन से जुड़ता है। इसमें चित्रित विदेशी शासक और क्रूर कर्मचारियों के अत्याचार की छवि हम अंग्रेजी शासन में स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। एक तरह से मिलन में स्वतंत्रता पूर्व भारत के यथार्थ की झांकी हम देख सकते हैं। नायक आनंद कुमार और पत्नी विजया का देश भ्रमण और देशवासियो में जन जागृति का प्रसार करने की भावना में महात्मा गॉधी का प्रभाव स्पष्ट है। 'मिलन' का कथानक कुछ इस तरह से बुना गया है जिसमें हमें तत्कालीन स्वाधीनता संघर्ष और उसके परिणाम का पूर्वाभास दिखाई देता है। नायक आनंद कुमार और उसकी पत्नी विजया के परिश्रम स्वरूप जनता में विद्रोह की भावना का उदय होता है, राजा और प्रजा के बीच भयानक संघर्ष होता है जिसमें साधु की मृत्यु होती है और विदेशी शासक भाग जाते हैं। विदेशियों का पलायन और गुलामी से मुक्ति का सपना त्रिपाठी जी अपनी इस रचना में देखते हैं। 1917 ई. में लिखी हुई रचना में हम 1947 ई. का पूर्वानुमान स्पष्टतः देख सकते हैं। 'पथिक' में भी कर्मशील नायक का संघर्ष शुभ का संदेश लेकर आता है और प्रजातंत्र की स्थापना होती है। स्वप्न में भी विदेशी आक्रमणकारियों को प्रत्युत्तर देने की कहानी है। 'हिन्दी साहित्य के इतिहास' में आचार्य रामचंद्र शुक्ल लिखते हैं - ''मिलन, पथिक और स्वप्न नामक इनके तीनों खंड काव्यों में इनकी कल्पना ऐसे मर्म पथ पर चली है, जिस पर मनुष्य मात्र का हृदय स्वभावतः ढलता आया है।''2

राम नरेश त्रिपाठी की कविताओं में राष्ट्रीय चेतना के विविध रूप हैं। परम्परागत देश-प्रेम उनकी कविता में बड़ी सजगता के साथ उद्घाटित हुआ है। उनकी कविता में चल रहे राष्ट्र संघर्ष की ओजस्विनी वाणी मिलती है, सत्य और अहिंसा के लिए प्राणों के बलिदानियों की अमरगाथा मिलती है। राष्ट्रीय कविता की समस्त विधाओं को समेटती हुई उनकी कविता कुछ मूल समस्याओं पर ही विचार करती है। उनके काव्य में देशप्रेम, राष्ट्रीय जागरण एवं स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान, विदेशी शासन की आलोचना तथा सांस्कृतिक गौरव का मुखर गान आदि की सहज अभिव्यक्ति देखी जा सकती है। राष्ट्रीयता की उत्ताल तरंगो से तरंगायित हृदय के इस महाकवि ने मिलन, पथिक, स्वप्न और अन्य स्फुट संग्रहों के माध्यम से भी विदेशी शासन का डटकर विरोध करते हुए सजग रहने का मूल मंत्र दिया है -

Scanned by CamScanner

40.	उच्च शिक्षा में युवा असंतोष : (एक समाजशास्त्रीय अध्ययन)	प्रतिभा पन्त प्रो0 इला साह	173
41.	वेबसीरीज में प्रदर्शित सेक्स एवं हिंसा का युवाजन पर प्रभाव : एक अध्ययन	डॉ0 प्रतिभा शर्मा	178
42.	भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग में लाभांश नीति की निगमित लाभदायकता पर प्रभाव : भारत में चयनित ऑटोमोबाइल उद्योग का विश्लेषणात्मक अध्ययन	पुनीत कुमार कनौजिया	182
43.	हरियाणा पंचायतीराज में महिलाएं : चुनौतियाँ एवं संभावनाएं	राजकुमार यादव	188
44.	इक्कीसवीं सदी में संस्कृत–वाङ्मय से अपेक्षाएँ एवं चुनौतियाँ	डॉ0 उषा नागर	191
45.	दूतकाव्य परम्परा में 'पत्रदूतम्' का वैशिष्ट्य	महासिंह सोढ़ा डॉ0 हरमल रेबारी	195
46.	विस्थापन की त्रासदी का महावृत्तांत – डूब	डॉ0 राम किंकर पाण्डेय	201
47.	बस्तर के जनजाति आर्थिक जीवन में पारम्परिक जनजाति बाजार की प्रासंगिकता : शोध साहित्य की समाजशास्त्रीय समीक्षा	कविता यदु डॉ0 निस्तर कुजूर	204
48.	इतिहास लेखन में बक्सर जिला की प्राचीनता	मंदीप कुमार चौरसिया	208
49.	विवाहित कामकाजी महिलाओं की समस्याएं : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन (लखनऊ जिले की शिक्षिकाओं के विशेष सन्दर्भ में)	रूचि यादव	211
50.	भारत में एफ0एम0सी0जी0 कम्पनी की लाभदायकता का विश्लेषणात्मक अध्ययन : चयनित एफ0एम0सी0जी0 कम्पनी के सन्दर्भ में	पुनीत कुमार कनौजिया	216
51.	भारत में आरक्षण नीति	डॉ0 गिर्राज प्रसाद बैरवा	222
52.	हिंदी डायरी साहित्य : लेखकों का जीवन संघर्ष	ममता चौधरी	226
53.	अमृतराय के उपन्यासों में विविध आयाम	शिवराम मीणा	230
54.	महर्षि दयानन्द का यज्ञचिन्तन	डॉ0 सुधीर कुमार शर्मा	234
55.	कालिदास का सौन्दर्य सन्निवेश	डॉ0 स्नेहलता शर्मा	238
56.	डॉ. जगदीश गुप्त के काव्य में शिल्प सौन्दर्य	अरविन्द वर्मा	243
57.	सिनेमा में नारी मुक्ति संघर्ष	ममता सैनी	247
58.	स्त्री–विमर्श : वैदिक युग से वर्तमान तक	डॉ0 सतीश कुमार पांडेय	251
59.	शिवप्रसाद सिंह की कहानियों में स्त्री–पुरुष पात्रों का अनुशीलन	कमलेश चौधरी	254
60.	सुशीला टाकभौरे की कहानियों में दलित जीवन की समस्याएं और संघर्ष	अनिता रानी	257
61.	'बंग महिला' की कहानियों में स्त्री–चेतना	डॉ0 श्रुति शर्मा	259

Scanned by CamScanner

ISSN - 2229-3620
UGC CARE LISTED JOURNAL
शोध संचार बुलेटिन
January-March, 2021
Vol. 11, Issue 41
Page Nos. 201-203
AN INTERNATIONAL BILINGUAL PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL

विस्थापन की त्रासदी का महावृत्तांत - डूब

डॉ0 राम किंकर पाण्डेय*

शोध सारांश

वीरेन्द्र जैन कृत उपन्यास 'डूब' विस्थापन की त्रासदी का महावृत्तांत है। इसका प्रकाशन सन् 1991 ई. में हुआ था। इसमें मध्यप्रदेश के एक पिछड़े क्षेत्र की विस्थापन की समस्या को वृहत्तर संदर्भ में प्रस्तुत किया गया है। आजाद भारत में विभिन्न बिजली परियोजनाओं के माध्यम से एक बड़ी आबादी का विस्थापन हुआ है। इस उपन्यास के माध्यम से लेखक उस क्षेत्र में बिजली परियोजना के माध्यम से 'डूब' क्षेत्र में आने वाली आबादी की पीड़ा का यथार्थ अंकन किया गया है। 'डूब' में चित्रित 'लड़ैई' गाँव प्रतीक बनकर उभरता है उन गांवों का जो इस तरह की विकास परियोजनाओं की भेंट चढ़ जाते हैं। उपन्यासकार ने उपन्यास में किसानों और ग्रामीणों के शोषण का यथार्थ चित्रण किया है। अपने वोट बैंक के जुगाड़ में नेता और राजनीतिक दल किस तरह के षड्यंत्र रचकर ग्रामीणों को धोखा देते हैं यह उपन्यास में बखूबी चित्रित हुआ है। राजनीतिक नेताओं के साथ मिलकर प्रशासनिक अधिकारी भी ग्रामीणों को मिलने वाली मुआवजे की राशि को हड़पने के लिए तैयार बैठे रहते हैं। वास्तव में यह उपन्यास विकास परियोजनाओं से विस्थापित होने वाले समूहों की विडम्बनात्मक और त्रासदी पूर्ण जीवन का महावृत्तांत हमारे सामने प्रस्तुत करता है।

Keywords : डूब, ग्रामीण, विस्थापन, उपन्यास, परियोजना, शोषण

वीरेन्द्र जैन हिन्दी के उन उपन्यासकारों में शामिल हैं जो सदैव जन सरोकारों से जुड़े रहते हैं। उनकी औपन्यासिक परिधि बहुत विस्तृत है। आलोच्य उपन्यास 'डूब' से पहले उनके कई उपन्यास प्रकाशित हो चुके थे, लेकिन एक सफल उपन्यासकार के रूप में उनकी ख्याति 'डूब' के प्रकाशन से ही हुई। 'डूब' मध्यप्रदेश के एक पिछड़े क्षेत्र की पीड़ा को सशक्त और मजबूत ढंग से हमारे सामने प्रस्तुत करता है। 'डूब' में चित्रित 'लड़ैई' गाँव भारत के अन्य गाँवों की तरह ही पिछड़ेपन का प्रतीक है। गाँव वालों का निरंतर शोषण व्यवस्था के द्वारा किया जा रहा है। विकास से कोसों दूर यह गाँव सभी सुविधाओं से दूर और अभावग्रस्तता में जी रहा है। गाँव में ऊँची जातियों द्वारा गरीब किसानों का शोषण एक तरफ बदस्तूर जारी है तो दूसरी ओर साहूकारों द्वारा भी वे लगातार ठगे जा रहे हैं। उपन्यासकार ने इन तमाम स्थितियों का वर्णन उपन्यास में विस्तार से किया है।

'लड़ैई' गाँव के बारे में बताते हुए लेखक कहते हैं कि इस गाँव का इतिहास बहुत समृद्ध रहा है। इसका संबंध भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से भी जुड़ता है। पहले इस जगह घना जंगल हुआ करता था, 1857 ई. की लड़ाई के बाद लोगों ने यहाँ अपना डेरा डाला तो इस गाँव का अस्तित्व सामने आया। गाँव की परंपरा बहुत समृद्ध रही है, यहाँ अतिथियों का स्वागत दिल खोल कर किया जाता रहा है, लेकिन आज स्थितियाँ बदल रही हैं। गाँव की इस समृद्ध विरासत पर बात करते हुए लेखक बताते हैं –"कण–कण में बसे भगवान के वे अंश जब यह स्थान खाली कर गए तब बसा यहाँ गुरीला। वहाँ बसा सिद्धपुरा। बाद में लड़ाई के सताए इतने लोग आ गए यहाँ। उन्होने यहाँ बस कर हमारा मान बढ़ाया, इसलिए हमारे तुम्हारे पूर्वजों ने उनकी कृपा को उस उदारता को हमेशा याद रखने की खातिर अपने गाँव का नाम गुरीला से बदलकर रख दिया लड़ैई।"[1] इस तरह से गाँव के समृद्ध इतिहास को सामने रखकर लेखक पाठकों को गाँव से जोड़ने का प्रयास करता है। स्वतंत्र भारत में जिस तरह से विकास का मॉडल गढ़ा गया वह जनता की उम्मीदों के ठीक विपरीत रहा है। विस्थापन की समस्या ऐसे ही विकासवादी माडल का परिणाम रही है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने बेतिया नदी पर राजघाट बाँध परियोजना का स्वप्न देखा था। यह परियोजना रूस के सहयोग से पूरी होने वाली थी। 'लड़ैई' गाँव इस परियोजना के डूब क्षेत्र में आ गया था। गाँव वालों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ता है। मुआवजे के लेन–देन में सरकारी महकमे द्वारा भारी खेल किया जाता है। उपन्यास गाँव वालों के दुख–दर्द को पूरी सच्चाई से बयान करता है। उपन्यास का एक पात्र माते कहता है –"लबरी है जा सरकार, महालबरी, झूठी महाझूठी।" आजादी के बाद से ही भारत के गाँव हमारे नेताओं और उनके दलाल वर्ग द्वारा वोट बैंक की राजनीति के

*सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चिरमिरी, जिला – कोरिया (छ0ग0)

Scanned by CamScanner

ISSN : 0975-3664

RNI : U.P.BIL/2012/43696

शोध धारा
SHODH-DHARA

कला और मानविकी का त्रैमासिक, पीयर रिव्यूड, रेफर्ड एवं यूजीसी केयर लिस्टेड शोध जर्नल (साहित्य, कला और संस्कृति पर केंद्रित)
(A quarterly peer reviewed, referred, U.G.C. care listed reseach journal of Art & Humanities)

Year 2021 **March** **Vol. 1**

अनुक्रम Contents

शीर्षक	लेखक	पृ०सं०
शोध आलेख		1-167
✦ हिन्दी साहित्य		
१. भूमंडलीकरण और समकालीन हिंदी कविता	डॉ. शिवजी उत्तम चवरे	1-6
२. 'आज बाज़ार बन्द है' : वेश्यामुक्ति की पहल	डॉ. मिनी जोर्ज	7-12
३. आधुनिक हिन्दी कविता में अंतर्विषक संदर्भ	डॉ० मनोज कुमार स्वामी	13-17
४. शिवमूर्ति के 'कुच्ची का कानून' में प्रतिबिंबित ग्रामीण चेतना	डॉ० उमा देवी	18-22
५. कंचन सेठ की कविताओं में सामाजिक यथार्थ	डॉ० गोरखनाथ तिवारी	23-26
६. स्त्री अस्मिता की आदर्श कथाकार कमल कुमार	डॉ० शशिकांत मिश्र	27-33
७. भाषा : एक विमर्श	डॉ० अम्बिका उपाध्याय	34-40
८. तमस उपन्यास में देश विभाजन की त्रासदी	विनोद कुमार मौर्य	41-47
९. पर्यावरणीय संकट के संदर्भ में राजेश जोशी तथा ज्ञानेन्द्रपति की चिंता (भू–पर्यावरण के विशेष संदर्भ में)	डॉ० सुनीता शर्मा निम्रता	48-56
१०. लीलाधर जगूड़ी के काव्य 'नाटक जारी है' में राजनीतिक चेतना	डॉ० विवेकानन्द पाठक	57-64
११. ब्रज का लोकसाहित्य	डॉ० सूर्यकान्त त्रिपाठी	65-70
१२. बुन्देली लोक काव्य में सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना	सर्जना यादव	71-75
१३. हिंदी और मराठी की गज़ल में सामाजिक विषमता की सशक्त अभिव्यक्ति	डॉ० नवनाथ गाड़ेकर	76-80
१४. देहरी से देह तक पहुँचती : शैलजा पाठक की 'कमाल की औरतें'	डॉ० नीतू परिहार	81-87
१५. परम्परागत ढाँचे से पृथक स्वातंत्र्योत्तर भारत के जीवन का जीवंत दस्तावेज : 'राग दरबारी'	ज्ञानेन्द्र मणि त्रिपाठी	88-92
१६. नई कहानी आंदोलन के अंतः सूत्रों की पड़ताल	डॉ० राम किंकर पाण्डेय	93-98
१७. २१वीं सदी में मीडिया और हिन्दी का वैश्विक विस्तार	डॉ० अरूण कुमार चतुर्वेदी	99-103
१८. इक्कीसवीं शताब्दी के नवगीत में स्त्री विमर्श के विविध आयाम	सीमा यादव	104-108
१९. 'एक न एक दिन' : रिश्तों के मर्म पर अर्थतंत्र का निर्मम	मृत्युंजय सिंह	109-116

Scanned by CamScanner

हिन्दी साहित्य

ISSN : 0975-3664, RNI : U.P.BIL/2012/43696
SHODH-DHARA ; Mar 2021; Vol. 1; P. 93-98

नई कहानी आंदोलन के अंतः सूत्रों की पड़ताल

डॉ० राम किंकर पाण्डेय

सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग, शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, **चिरमिरी, कोरिया, छ०ग०**

(प्राप्त : १ दिसंबर २०२०)

Abstract

हिन्दी कहानी की विकास यात्रा में 'नई कहानी आंदोलन' अत्यंत महत्वपूर्ण है। सन् १९५० ई. के आसपास हिन्दी कहानी के शिल्प और संरचना में परिवर्तन दिखाई देने शुरू होते हैं। इसकी नव्यता को पहचान कर इसे 'नई कहानी' की संज्ञा से अभिहित करने का काम कवि दुष्यंत कुमार ने 'कल्पना' पत्रिका के जनवरी १९५५ के अंक में किया था। कहानी के नए सरोकारों और प्रयोगधर्मिता को लेकर डॉ. धर्मवीर भारती ने 'धर्मयुग' में कहानी के बदले हुए स्वरूप को रेखांकित करते हुए मोहन राकेश, कमलेश्वर और राजेन्द्र यादव को नई कहानी आंदोलन के त्रिकोण के रूप में स्थापित किया था। वास्तव में नई कहानी का आग्रह नएपन पर है। इस नएपन के आधार पर उसने अपने को पूर्ववर्ती कहानी से अलगाया है। दरअसल नए कहानीकारों ने यह महसूस किया कि वैचारिक स्तर पर यह मूल्यों के विघटन का दौर है। इस दौर में मोहभंग, अविश्वास, संदेह, भय और आशंका के व्यापार ने आदर्शवाद की सुखद कल्पनाओं से लोगों को अलग कर दिया था। नई कहानी ने संयुक्त परिवार के विघटन, नए शहरी मध्यवर्ग के उदय और पूंजी के बढ़ते वर्चस्व के कारण बढ़ती आर्थिक–सामाजिक विषमता को खासतौर से रेखांकित किया। साथ ही नये मनुष्य, नये दृष्टिकोण, नई संवेदनाओं, नए यथार्थ और नए संदर्भों के चित्रण के लिए नई कहानी को नवीन शिल्प की भी खोज करनी पड़ी।

Figure : 00 References : 16 Table : 00

Key Words : कहानी, नई कहानी, आंदोलन, नई कहानी की विषय भूमि, नई कहानी के अंतः सूत्र।

आमुख :- हिन्दी कहानी के इतिहास में 'नई कहानी' आंदोलन का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। बीसवीं शताब्दी के छठें दशक के मध्य से लेकर सातवें दशक के मध्य तक वह हिन्दी साहित्य की चर्चा के केन्द्र में रही है। उसको लेकर जितना वाद विवाद, चर्चा–परिचर्चा और उठा–पठक हुई थी, उतना किसी दूसरी साहित्यिक विधा को लेकर कभी नहीं हुआ। सर्वाधिक विवाद तो इस आंदोलन के प्रारंभ को लेकर ही रहा है। जहाँ एक ओर कुछ आलोचक और कहानीकार १९५१ के दशक को 'नई कहानी' के दशक के नाम से अभिहित करते हैं तो वहीं दूसरी ओर कतिपय कहानीकार और आलोचक इसकी अंतिम समय–सीमा सातवें दशक के पूर्वार्द्ध तक ले जाते हैं। कमलेश्वर, मार्कण्डेय, दुष्यंत कुमार, मोहन राकेश और राजेन्द्र यादव जैसे लेखक नई कहानी का आरम्भ १९५० ई. के आसपास मानते हैं। जबकि डॉ. गोपाल राय का कहना है कि "तथ्य यह है कि नई कहानी का आंदोलन 'आंदोलन' के रूप में छठें दशक के अंत में आरम्भ हुआ और सातवें दशक के लगभग मध्य में समाप्त हो गया। १९५५ तक तो उसका नाम–निशान भी नहीं था।"[१] कुछ इसी तरह का मत आलोचक नामवर सिंह का भी है। नामवर सिंह ने कहानी के जनवरी १९५६ ई. के अंक में प्रकाशित लेख 'आज की हिन्दी कहानी' में कहा था कि 'नई कहानी' नाम से कोई आंदोलन अभी तक नहीं चला है।"[२] लेकिन इसका मतलब कतई नहीं है कि हिन्दी

Scanned by CamScanner

नारी-व्यथा की कथा प्रभा खेतान के 'छिन्नमस्ता' उपन्यास के विशेष संदर्भ में/ **डॉ॰ मनोहर आप्पासो जमदाडे** 286
परंपरा तथा आधुनिकता के समन्वयक : आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी/ **प्रतिभा झा** 290
मधु काँकरिया के उपन्यास 'सेज पर संस्कृत' में धर्म व नारी-चेतना/ **रानी देवी** 295
दलित विमर्श : अवधारणा और स्वरूप/ **रविन्द्र कुमार** 299
प्रगतिशील हिंदी कविता में व्यंग्य सरंचना/ **रेश्मा एम एल** 303
अमरकांत की कहानियों में मानवमूल्य/ **डॉ॰ सुनीता अवस्थी** 309
समकालीन महिला कथालेखिकाओं के लेखन में स्त्री-परिवेश/ **डॉ॰ दिग्विजय टेंगसे** 316
भारत में लोकतंत्र : दशा एवं दिशा/ **डॉ॰ विजय प्रकाश** 320
उत्तराखंड के अभिशप्त और उपेक्षित वर्ग की गाथा—कगार की आग/ **डॉ॰ मुक्तिनाथ यादव** 327
स्वच्छंदतावाद की अवधारणा और उसकी प्रमुख विशेषताएँ/ **प्राची तिवारी** 332
अनुच्छेद-21 जीवन का अधिकार और आदिवासी कविताएँ/ **डॉ॰ श्रीमती राजु एस॰ बागलकोट** 338
केदारनाथ सिंह की कविताओं में लोकसौंदर्य/ **उमेश कुमार पर्वत** 343
मंगलेश डबराल की काव्य संवेदना/ **डॉ॰ नवनाथ शिंदे** 347
मीराबाई और हिंदी का स्त्री-विमर्श/ **डॉ॰ दीप कुमार मित्तल** 353
बीपीएल परिवारों में रहने वाले वृद्धजनों की सामाजिक-आर्थिक समस्याओं का एक अध्ययन/ **डॉ॰ श्याम सिंह, डॉ॰ संजीव कुमार लवानियां** 359
आज के समय की हिंदी कहानी/ **वीरेश कुमार** 366
आदिवासी जीवन और संस्कृति/ **सपना रानी** 372
किन्नर जीवन का संघर्ष : पोस्ट बॉक्स नं॰ 203 नाला सोपारा/ **डॉ॰ अशोक शामराव मराठे** 375
धर्मवीर भारती का साहित्य-चिंतन/ **डॉ॰ राम किंकर पांडेय** 381

Scanned by CamScanner

धर्मवीर भारती का साहित्य-चिंतन

डॉ॰ राम किंकर पांडेय
सहायक प्राध्यापक (हिंदी)
शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
चिरमिरी, जिला-कोरिया (छ॰ग॰)

धर्मवीर भारती ने साहित्य की विविध विधाओं में लेखन किया है। उनकी ख्याति एक कवि, कहानीकार, नाटककार, उपन्यासकार, निबंधकार आदि विविध रूपों में है। सृजनात्मक लेखन के साथ-साथ उन्होंने सैद्धांतिक पक्ष पर भी यथेष्ट लेखन किया है। धर्मवीर भारती ने साहित्यकार की प्रेरणा, साहित्य प्रयोजन और सृजन की प्रक्रिया से संबंधित लेखन के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए हैं। डॉ॰ धर्मवीर भारती साहित्य को एक व्यापक और उदार धरातल पर स्वीकार करते हैं। उनके अनुसार जीवन-प्रक्रिया और सृजन-प्रक्रिया सर्वथा अभिन्न हैं और जीवन-प्रक्रिया की लंबी शृंखला में सृजन का क्षण स्वत: बिना किसी नियम के अकारण नहीं आता है। ज्ञानोदय में लिखे एक लेख में वे कहते हैं, 'क्या ऐसा है कि समूची जीवन-प्रक्रिया अलग चलती रहती है और रचना-प्रक्रिया का घनीभूत क्षण अकस्मात कभी रहस्यमय ढंग से अकारण आ जाता है।'[1] उनके मतानुसार जीवन का व्यापक अनुभव-वैभव, जो स्थूल दृष्टि से परस्पर असंयुक्त तथा असंगठित दिखाई पड़ता है, अपने समग्र प्रभाव से सृजन-प्रक्रिया को उद्दीप्त करता रहता है, और अंत में जब वह उद्दीपन अपनी-अपनी चरम अवस्था को प्राप्त करता है तो सृजन-क्षण प्रस्तुत होता है। 'कितने ही क्षण हैं, कितनी स्थितियाँ हैं जो प्रत्यक्षत: असंबद्ध लगती हैं, पर कुल मिलाकर हमारे चेतना या अर्द्धचेतन मन में लहर पर लहर इस एक बिंदु को उभारती रहती है।'[2]

डॉ॰ धर्मवीर भारती साहित्य में वैयक्तिकता से भी अधिक सामूहिकता की प्रमाणिकता पर जोर देते हैं। इसको स्पष्ट करते हुए वे लिखते हैं, 'जहाँ लेखक ने सामान्यजन की नियति से अपनी नियति को पृथक किया कि यथार्थ का सूत्र उसके हाथ से छूटा और जब जन के, प्रजा के यथार्थ से वह विच्छिन्न ही हो गया, तब उसके लिए दो ही रास्ते बचे–राजाश्रय या रहस्यवाद।'[3] यह सत्य है कि जब-जब साहित्य राजाश्रय की ओर मुड़ता है तब-तब वह जनसामान्य से कट जाता है। मध्यकालीन साहित्य इसका स्पष्ट प्रमाण है। धर्मवीर भारती जी का मानना है कि उस साहित्य में भी जहाँ मानव का मौलिक यथार्थ प्रमाणिक रूप से मुखरित हुआ है, वहीं साहित्यिक गुण विद्यमान हैं अन्यथा साहित्य सजीव नहीं हो सका है। साहित्य-सृजन का आधार तो मनुष्य का मौलिक यथार्थ ही है। मध्यकालीन साहित्य में भी वही अंश सजीव और सप्राण है, जहाँ इस लोक का प्राणी बोल उठा है, परलोक का द्रष्टा नहीं।'[4] भारती जी साहित्य को बेहद व्यापक और उदार धरातल पर अवस्थित मानते हैं, वे साहित्य को संकीर्णता के दायरे से बाहर निकालकर रखने के आग्रही हैं। प्रगतिवाद के नाम पर वे साम्यवादी पार्टी के नियंत्रण और बँधे-बँधाए ढाँचे के कारण जो संकीर्णता आ रही थी, उसका वे प्रत्यक्ष रूप से विरोध करते हुए लिखते हैं, 'मानवता के

Scanned by CamScanner

• धार्मिक शोषण का... : एन आर सेतु लक्ष्मी 132
• पति-पत्नी के अहं के... : स्नेहा शर्मा 135
• नागार्जुन के साहित्यिक... : संदीप कुमार 138
• बाँसवाड़ा... : डॉ. सौरभ त्यागी-सुरभी दोषी 140
• सम्मेलन पत्रिका का... : त्रिभुवन गिरि 145
• बाणभट्ट की आत्मकथा का... : चंदन कुमार 148
• अमरकांत की... : अजीत कुमार पटेल 151
• रामविलास शर्मा के... : डॉ. अजीत सिंह 154
• चित्रा मुद्गल के... : डॉ. अमिता तिवारी 158
• विवेकी राय का कविता... : अनुपमा तिवारी 161
• वर्तमान समय में... : डॉ. आशीष यादव 164
• भारतेंदुयुगीन कविता... : डॉ. भास्कर लाल कर्ण 167
• भोजपुरी बारहमासा... : भव्या कुमारी 172
• नारी मुक्ति का... : डॉ. बीना जैन 175
• हिंदी पत्रकारिता... : डॉ. चयनिका उनियाल 178
• लोकमानस के अनूठे... : डॉ. छोटू राम मीणा 181
• महामारी कोविड-19 के... : डॉ. ऋषिपाल-डॉ. ज्योति श्योराण-डॉ. जयपाल मेहरा डॉ. निधि जैन-सुश्री पल्लवी 185
• योग : विश्व... : डॉ. दयाशंकर सिंह यादव 189
• पूना पैक्ट की... : डॉ. दीपक कुमार गुप्ता 192
• लोकमान्य तिलक... : डॉ. राजेश कुमार शर्मा 195
• मानवतावादी व महिला... : डॉ. संगीता शर्मा 200
• वर्तमान परिपेक्ष्य में... : डॉ. शारदा देवी 204
• संस्कृति के वाहक... : डॉ. भारती बतरा 208
• हरियाणवी सिनेमा में... : डॉ. जयपाल मेहरा 211
• महादेवी वर्मा की... : डॉ. गीता पांडेय 214
• 'मानस' में उपलब्ध... : डॉ. गीता कौशिक 218
• हिंदी नवगीतों के... : डॉ. प्रकाश चंद्र गिरि 221
• भूमण्डीकरण का... : डॉ. कमलेश सरीन 223
• सावित्री बाई फुले... : डॉ. हंसराज 'सुमन' 226
• हिंदू धर्मशास्त्र और... : डॉ. अमिष वर्मा 229
• भूमंडलीकरण और... : हुलासी राम मीना 234
• हिंदी की आदिवासी... : डॉ. जसपाल कौर 237
• रामधारी सिंह... : डॉ. जायदासिकंदर शेख 240
• डॉ. रामविलास शर्मा... : डॉ. जितेश कुमार 244
• वर्तमान पत्रकारिता में... : कामरान वासे 247
• 'पद्मावत' में प्रेम... : डॉ. केदार कुमार मंडल 251
• आदिवासी कविताओं... : प्रो. खेमसिंह डहेरिया 254
• क्षेत्रीय मौखिक... : रंजन कुमार 257
• अपने स्वत्व को... : लक्ष्मी विश्नोई 260
• श्रीलाल शुक्ल... : सुधीर कुमार जोशी 263
• आत्मनिर्भर महिलाओं... : डॉ. बिजेंद्र कुमार 267
• श्यौराज सिंह बैचेन... : डॉ. मणिबेन पटेल 270
• भारतीय समाज में... : मनीष कुमार सिंह 273
• आधुनिक इतिहास में... : डॉ. मेघना शर्मा 276
• निर्गुण संतों की... : डॉ. प्रदीप कुमार' 280
• दलित और... : डॉ. नुरजाहान रहमातुल्लाह 283
• भारत में भाषाई... : ओमप्रकाश यादव 286
• मानवीय संस्कृति... : डॉ. प्रवीण कुमार 290
• कामाख्या शक्तिपीठ... : डॉ. प्रीति बैश्य 296
• 'मोहन राकेश की... : प्रिया पाण्डेय 299
• हिंदी गजल... : डॉ. जियाउर रहमान जाफरी 303
• भीष्म साहनी का... : डॉ. राम किंकर पाण्डेय 306
• भारत की नई शिक्षा... : डॉ. रमेश कुमार 310
• श्रीलाल शुक्ल के... : रवीश कुमार यादव 313
• शैलेंद्र के भोजपुरी... : डॉ. संगीता राय 315
• रामनरेश त्रिपाठी... : संजीव कुमार पाण्डेय 319
• सूर्यकांत त्रिपाठी... : सरिता कुमारी 322
• मृदुला गर्ग के... : डॉ. सविता डहेरिया 325
• मोहन राकेश की... : डॉ. सुनील कुमार सुधांशु 331
• मीडिया में दलितों का... : डॉ. स्वर्ण सुमन 334
• डॉ. कुँअर बेचैन की... : तेज प्रताप 340
• जनजातीय.. : डॉ. उमेश कुमार पाण्डेय 344
• हिंदी दलित कविता... : विजय कुमार 348
• आधुनिक हिंदी... : विकास कुमार सिंह 351
• हिंदी साहित्य में... : विनय कुमार पाठक 354
• वैश्वीकरण और... : मुरली मनोहर भट्ट 357
• सुभद्रा कुमारी... : अनिता उपाध्याय 360
• हिंदी रंगमंच की... : डॉ आशा-डॉ. अनिल शर्मा 363
• जनमाध्यम के रूप... : डॉ. योगेश कुमार गुप्ता 367
• परंपराओं और... : डॉ. नीरव अडालजा 372
• हिंदी कथा साहित्य... : प्रियंका कुमारी गर्ग 377
• वैश्वीकरण की दौड़... : डॉ. कमलेश कुमारी 381
• 'रामचरितमानस' में... : डॉ. हेमवती शर्मा 385
• रघुवीर सहाय के... : प्रतिभा देवी 387
• भारतीय संस्कृति बनाम... : डॉ. स्वाति श्वेता 390
• अनौपचारिक... : मुकेश कुमार मीना-विनोद सेन 394
• इतिहास शिक्षण में... : डॉ. अजीत कुमार बोहत 398
• परंपरागत नृत्य कलाओं... : डॉ. दिलावर सिंह 401
• राष्ट्रीय शिक्षा... : मोनिका कौल-ईश्वर सिंह 405
• सामाजिक माध्यमों... : डॉ. अनिल कुमार 408
• हिंदी सिनेमा... : डॉ. संतोष कु. सिंह 412
• शिक्षक शिक्षा का... : विक्रम बहादुर नाग 415
• रामनरेश... : सरला माधव प्रसाद तिवारी 419
• वैदिक साहित्य में... : डॉ. राजवीर शास्त्री 423
• उच्च शिक्षा में... : मोना भटनागर-नम्रता सोनी 424
• तुलसी का काव्य... : डॉ. कुमकुम श्रीवास्तव 428
• समावेशी शिक्षा... : अश्वनी 433
• अस्तित्व की... : मनीष कुमार-डॉ. रानीबाला गौड़ 436
• अज्ञेय के... : गरिमा वर्मा--डॉ. रानीबाला गौड़ 438

Scanned by CamScanner

भीष्म साहनी का औपन्यासिक अवदान

डॉ. राम किंकर पाण्डेय

भारत विभाजन की त्रासदी पर भारतीय साहित्य में बहुत कुछ लिखा गया हैं। हिंदी, उर्दू, पंजाबी और बंगाली के साहित्य में अनेक रचनाएँ उपलब्ध हैं। हिंदी में 'तमस' से पहले यशपाल का 'झूठा सच' इस पृष्ठभूमि पर लिखी गई सबसे बृहद रचना है। तमस पर टिप्पणी करते हुए महीप सिंह लिखते हैं–"तमस देश-विभाजन की त्रासदी के लगभग तीन दशक बाद प्रकाशित हुआ था। उस समय इस उपन्यास को पढ़कर ऐसा लगा था कि इतने अंतराल के पश्चात भी इस कथ्य की सर्जनात्मक संभावनाएँ चुकी नहीं हैं। तमस की जिस बात ने मुझे सर्वाधिक प्रभावित किया था, वह थी अपने कथ्य के प्रति लेखक की गहरी समझ और आत्मीयता। लेखक ने जिस ढंग से स्थितियों को उभारा था, जिस सूक्ष्मता से चरित्रों का सृजन किया था और जिस अंतरंग जानकारी से घटनाओं को नियोजित किया था, उससे उस त्रासदी को उसके क्रूरतम रूप में रेखांकित किया जा सका था। 'तमस' पाँच दिनों की कहानी है, किंतु उन पाँच दिनों के पीछे हमें बहुत सारे दिन, वर्ष और शताब्दियाँ झाँकती हुई दिखाई देती हैं। घृणा, विद्वेष, सांप्रदायिक उन्माद और इन सबसे उत्पन्न विचार तथा व्यवहार जनित क्रूरता इस देश में सदियों पहले पनपी और समय-समय पर अपना रूप बदल-बदल कर नंगा नाच करती रही।"[1]

वास्तव में भीष्म साहनी ने 'तमस' में सांम्प्रदायिक उन्माद के जीवंत चित्रण के साथ ही साथ उन स्थितियों और कारणों के सटीक विश्लेषण तथा चित्रांकन का भी प्रयत्न किया है जो देश के विभाजन और संप्रदायिकता के मूल में थे। उपन्यास में उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया है कि सांप्रदायिकता की आग फैलाने में ब्रिटिश शासन और उसके चाटुकार पिटठुओं का विशेष हाथ था, बल्कि यह सब बनी बनाई योजना का एक हिस्सा था। लेखक ने इस कटु ऐतिहासिक सच्चाई को बहुत स्पष्टता से रचनात्मक सघनता प्रदान की है कि अंग्रेजों ने अपनी सत्ता कायम रखने के लिए हिंदुओं और मुसलमानों को आपस में लड़ाने और फूट डालने के सैकड़ों षड्यंत्र किए और उनकी ये हरकतें आजादी प्राप्ति तक कायम रहीं। बल्कि 1947 का साल नजदीक आत-आते और तेज हो गईं। यह उनकी हरकतों का ही फल था कि कांग्रेस हिंदुओं की संस्था बन गई और जिन्ना के नेतृत्व में मुसलमानों के लिए एक अलग देश पाकिस्तान की माँग उठने लगी थी, जो 1947 में जाकर फलीभूत हुई। वास्तव में भारत के विभाजन और पाकिस्तान का गठन अपने आप में कोई एक सरल घटना मात्र नहीं थीं, यह कोई जमीन का बँटवारा भी नहीं था बल्कि इस विभाजन के भीतर हिंदुओं और मुसलमानों के पारस्परिक संशय, अविश्वास और खून खराबे की अनगिनत अमानवीय कृत्यों की कहानी छिपी हुई है। विभाजन की यह विभीषिका अपने पीछे सांप्रदायिकता की आग और वैमनस्य तथा मानवीय यातना का वह उत्स छोड़ गई जो अभी तक रह-रहकर समय-समय पर विषाक्त धुँआ फेंकती है जिससे वातावरण दूषित हो उठता है।

'तमस' में सांप्रदायिक दंगों की शुरुआत अंग्रेज शासकों के इशारे पर म्युनिसिपल कमेटी के कारिंदें मुराद अली द्वारा सीधे-सादे सामान्य व्यक्ति नत्थू द्वारा सुअर मरवाकर मस्जिद की सीढ़ियों पर डलवा देने की घटना से होती है। और वह भी केवल पाँच रुपए देकर, यहाँ हम देख सकते है कि किस तरह से मुराद अली जैसे शरारती तत्व गरीबों और मजदूर लोगों को चंद रूपयों का लालच देकर वैमनस्य का बीज बोने के लिए इस्तेमाल करने से भी नहीं चूकते। नत्थू द्वारा मस्जिद सीढ़ियों पर सुअर मारकर रखने के फलस्वरूप शहर में हिंदू-मुसलमानों के बीच भयंकर दंगा होता है, जिसका दुष्परिणाम सबको भोगना पड़ता है। दंगा फैलने के साथ ही अविश्वास, आशंका, भय और क्रोध को धर्न्मोन्माद आधारित हिंसा अपना भयंकर रूप ग्रहण कर लेती है। इस पूरे घटनाक्रम का लेखक ने बेहद विश्वसनीय और जीवंत चित्रण किया है। 'तमस' पर टिप्पणी करते हुए गोपाल राय का कहना है–"इस अमानवीय क्रूरता के बीच मानवीय संवेदना और उदारता के छोटे-छोटे प्रसंग बड़े ही प्रीतिकर और मार्मिक रूप में प्रस्तुत हुए हैं। इस माहौल में जबकि इंसानी पहचान खत्म हो जाती है, आदमी बधिक और वध्य पशु में परिणत हो जाता है, एहसान अली की घरवाली राजो या करीम खाँ जैसे नेक आदमी हैवानियत के सारे दबावों को झेलते हुए इंसानियत की लाज रखते हैं। इस प्रकार भीष्म साहनी ने सांप्रदायिकता की चुनौती को रचनात्मक

Scanned by CamScanner

- राधाचरण गोस्वामी की राष्ट्रीय एवं सामाजिक चेतना : *डॉ. कामना पाण्डेय* 333
- पब्लिक स्कूल एवं अनुदानित इण्टर कॉलेज में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की शैक्षिक निष्पत्ति का तुलनात्मक अध्ययन : *डॉ. राजेश कुमार* 337
- रश्मिरथी का नया पाठ : *डॉ. प्रशांत गौरव* 341
- सृजनात्मक एवं आलोचनात्मक साहित्य के विकास में सम्मेलन पत्रिका का योगदान *त्रिभुवन गिरि* 344
- अवध का प्रथम नवाब सआदत ख़ाँ बुरहान-उल-मुल्क : *डॉ. चित्रगुप्त* 347
- हवेली संगीत में ब्रज के होरी गीतों की परंपरा व परिवर्तित स्वरूप *डॉ. स्मृति त्रिपाठी* 350
- उत्तराखण्ड की पत्रकारिता से गुजरते हुए दलित पत्रकारिता : *डॉ. राम भरोसे* 353
- तुलसी की भक्ति भावना : एक समीक्षा *डॉ. आर्यकुमार हर्षवर्धन* 356
- जायसी कृत पद्मावत में सांस्कृतिक समन्वय *डॉ. रश्मि शर्मा* 358
- भूमंडलीकरण, वसुधैव कुटुंबकम और अमेरिकीकरण : *नीरज* 362
- हिंदी साहित्य में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन *डॉ. राखी उपाध्याय* 366
- राष्ट्रीय-सांस्कृतिक मूल्यों के प्रस्तोता नाटककार जयशंकर प्रसाद : *डॉ. नीतू शर्मा* 369
- रमेशचंद्र शाह के उपन्यासों में सामाजिक एवं सांस्कृतिक पक्षों की प्रासंगिकता *कृपा शंकर* 372
- 'अभ्युदय' उपन्यास में नारी विषयक चेतना *पंकज सिंह* 375
- ज्ञानरंजन की कहानियों में भाषा एवं शैली का साहित्यिक अनुशीलन : *अर्जुन यादव* 379
- शिवप्रसाद सिंह के कथा साहित्य में ग्रामीण अनुशीलन : *सीमा यादव* 382
- प्रतापनारायण मिश्र के लोक साहित्य की सामाजिक प्रादेयता : *विशाल मिश्र* 385
- पारंपरिक कृषि पद्धति पर सुराजीगाँव योजना का प्रभाव एक समाजशास्त्रीय अध्ययन *एस कुमार-सपना शर्मा सारस्वत* 387
- स्वराज्य, आत्मनिर्भरता और आदर्श राज्य की अवधारणा भारतीय विचारकों के दृष्टिकोण में *डा. सुनीता* 392
- विद्यानिवास मिश्र के निबंधों में सांस्कृतिक चेतना : *अनिरुद्ध कुमार* 395
- डॉ. अस्तअली खाँ मलकांण के काव्य में लोक संस्कृति : *डॉ. ईश्वर सिंह* 398
- मुक्तिबोध की कहानियाँ : वैचारिकी के कलेवर में आख्यान : *डॉ. राम किंकर पाण्डेय* 400
- प्रो. आनंद प्रकाश त्रिपाठी के बाल साहित्य में मानवीय मूल्य : *डॉ. श्रवण राम* 403
- आदिवासियों के...: *मिथिलेश कुमार मिश्र* 406
- भूमंडलीकरण, वसुधैव कुटुंबकम और अमेरिकीकरण : *नीरज* 409
- पूर्ववर्ती हिंदी कहानी से समकालीन हिंदी कहानी में उपेक्षा का जटिल...: *डॉ. रिंपी खिल्लन सिंह* 413
- खेलत गेंद गिरे यमुना में : 'पीड़ा के दंश' कहानी की कथावस्तु में स्त्री : *रश्मि* 416
- गणित अध्ययन : हिंदी...*डॉ. प्रीति धर्माहे* 419
- सुभद्रा कुमारी चौहान समसामयिकता के संदर्भ में मुख्यता : *अनीता उपाध्याय* 422
- गोदान और किसान का अंतःसंबंध *विजय यादव* 425
- कमलेश्वर की कहानियों में आधुनिक जीवन का यथार्थ चित्रण : *डॉ. आभा शर्मा* 429
- प्रेमचंद के कृतित्व की साहित्यिक मूल्यांकन पत्रकारिता के संदर्भ में : *मुन्ना लाल पाल* 432
- स्त्री अस्मिता की दृष्टि से मोहन राकेश के नाटकों में नारी का सामाजिक स्वरूप *संगीता कुमारी पासी-डॉ. कुसुम कुंज मालाकार* 435
- स्वातंत्र्योत्तर हिंदी साहित्य पर जयनंदन के कहानी साहित्य में संवैधानिक मूल्यों का प्रभाव *डॉ. आगेडकर भानुदास भिकाजी श्री. डवरी दादासाहेब आनंदराव* 439
- शिक्षा के क्षेत्र में सूचना प्रोद्योगिकी का प्रदेय *डॉ. शोभा एम. पवार* 442
- विष्णु प्रभाकर के नाटकों में जीवन-दर्शन *डॉ. रीना डोगरा* 444
- मिथक का अर्थ एवं स्वरूप : भारतीय दृष्टिकोण : *डॉ. गुरदीप रानी* 447
- भारतीय महिला आंदोलन में गांधी के योगदान : *मीना चरांदा* 450
- सरकारी एवं स्ववित्त पोषित बी.एड. कॉलेजों में कार्यरत... : *शिवबच्चन सिंह यादव* 453
- सामाजिक व्यवस्था और उसके अंतर्द्वंद्वों की पड़ताल करती कविताएँ : *प्रियंका कुमारी* 457
- मैला आंचल में... : *डॉ. महेंद्र पाल सिंह* 459
- हिंदी सिनेमा पर वामपंथ का... : *शिवेंद्र राणा* 462
- अफगानिस्तान की परिवर्तित स्थिति का भारत पर प्रभाव : *डॉ. सोनाली सिंह* 465
- स्त्रीवादी साहित्य और... : *डॉ. नीलिमा चौहान* 469
- 'आनंद' मरा नहीं करते... : *कपिल कुमार* 472
- प्रेमचंद कालीन हिंदी... : *डॉ. चिम्मन* 474
- एनी बेसेंट के शैक्षिक... : *डॉ. प्रमिला मलिक-अर्चना कुमारी* 477
- भारतीय समाज एवं संस्कृति पर... : *डॉ. अर्चना सिंह* 481

Scanned by CamScanner

मुक्तिबोध की कहानियाँ : वैचारिकी के कलेवर में आख्यान

डॉ. राम किंकर पाण्डेय

हिंदी कहानी की विकास यात्रा विविधवर्णी एवं बहुरंगी रही है जिसे एक सुदृढ़ आधार देने का कार्य कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद ने किया। उन्होंने हिंदी कहानी को नया स्वरूप प्रदान किया था। प्रेमचंद के द्वारा खड़ी की गई बुनियाद में समय के साथ उसमें और कड़ियाँ जुड़ती गई। प्रेमचंद के बाद जैनेंद्र, अज्ञेय, यशपाल, सुदर्शन आदि ने हिंदी कहानी को नए आयाम दिए। आजादी के बाद कहानी के शिल्प और संवेदना में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हुआ। 'नई कहानी' आंदोलन ने जोर पकड़ा और कहानी विधा हिंदी साहित्य के विमर्श के केंद्र में आ गई। 'नई कहानी' अनुभव की प्रामाणिकता पर जोर देती है। आजादी के बाद जो सामाजिक यथार्थ निर्मित हुआ उसकी वास्तविक अभिव्यक्ति हमें 'नई कहानी' आंदोलन की कहानियों में देखने को मिलती है। पारिवारिक विघटन, आजादी से मोहभंग, मोहभंग से उपजे घुटन, संत्रास और कुंठा की स्थितियों की अभिव्यक्ति नई कहानी को पूर्व की कहानी से अलग करती हैं। कथाकार काशीनाथ सिंह लिखते हैं–''यथार्थ कहानी का जीवन है, इसलिए इस यथार्थ ने ही उसे पुनर्जीवित भी किया ऐसे यथार्थ ने जो उन दिनों आजादी की रूमानी परतों में लिपटा हुआ था और व्यक्त होने के लिए बेचैन था। इस तरह उसे पहचाना भले कविता ने हो, पकड़ने और सामने लाने का काम कहानी ने किया–'नयी कहानी' ने।''[1]

मुक्तिबोध की ख्याति कवि और विचारक के रूप में रही है। उनका कहानीकार रूप हमारे बीच की चर्चा से प्रायः नदारद रहा है। जबकि वह भी नई कहानी के दौर में ही कहानियाँ लिख रहे थे। लेकिन मुक्तिबोध की कहानियाँ उस दौर में अधिकतर आलोचकों द्वारा उपेक्षित ही रही हैं। संभवतः मुक्तिबोध की कहानियों की हिंदी साहित्य में व्यापक स्तर पर समीक्षा ही नहीं हुई। उनकी कहानियों के रचना समय को हम देखें तो यह पता चलता है कि उन दिनों के किसी भी साहित्यिक आंदोलन का आंतक या गहरा प्रभाव उन पर नहीं है। जबकि इसी समय उनकी महत्त्वपूर्ण कहानियाँ क्लाड ईथरली, आखेट, ब्रह्मराक्षस का शिष्य, जिंदगी की कतरन, सतह से उठता आदमी आदि प्रकाशित होती हैं। यह एक चौंकाने वाला तथ्य है कि उस समय के किसी बड़े आलोचक के यहाँ उनकी कहानियों की विस्तृत चर्चा हमें नहीं मिलती है। जहाँ थोड़ी बहुत चर्चा दिखती भी है तो यही माना जाता है कि मुक्तिबोध की कहानियाँ कहानी के साँचे में फिट नहीं बैठती हैं। जबकि उनकी कहानियाँ हिंदी कहानी की परंपरा से एकदम अलग हैं, उनका टेम्परामेंट एकदम भिन्न है। अपने एक साक्षत्कार में नामवर सिंह ने कहा था कि अगर उन्हें 'कहानी नई कहानी' लिखने के दौरान 'क्लाड ईथरली' दिख गई होती तो नई ने कहानी केंद्र में निर्मल वर्मा को नहीं, मुक्तिबोध को रखते। हालाँकि बाद में भी नामवर सिंह ने मुक्तिबोध की कहानियों पर विस्तार से कोई चर्चा नहीं की।

मुक्तिबोध रचनावली के खंड तीन में मुक्तिबोध की संपूर्ण कहानियाँ संग्रहित हैं, जिसमें उनकी पूर्ण और अपूर्ण कहानियों को संकलित किया गया है। पूर्ण कहानियों की कुल संख्या पच्चीस है और अपूर्ण कहानियों की संख्या बाईस है जिनमें एक अधूरा उपन्यास अंश भी सम्मिलित है। मुक्तिबोध की कहानियों के विषय बहुत व्यापक हैं उनकी कुछ कहानियाँ व्यक्तिपरक हैं तो कुछ मनोवृत्तिपरक हैं, कुछ कहानियों की विषय वस्तु घटना परक है तो कुछ स्थिति प्रधान कहानियाँ भी हैं। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि मुक्तिबोध स्थितियों, घटनाओं, व्यक्तियों या मनोविकारों में से जब किसी को भी कथा का स्वरूप प्रदान करते हैं तो वह कथा स्वतः गतिमान हो जाती है। उनकी रचना प्रक्रिया की पद्धति ही अलग होती है। उनके लेखन की विविधता उनकी वैचारिक धुरी में घूमती है। उनकी कहानियों पर विचार करते समय यह प्रश्न बहुधा पैदा होता है कि उनकी कहानियों में कहानीपन कितना है? इस संबंध में कथा आलोचक संजीव कुमार का मानना है, '' 'मुक्तिबोध' स्वभावतः कहानीकार नहीं हैं। असल में वे बुनियादी तौर पर विचारक है, पर मुक्तिबोध के यहाँ उनका विचारक उनके कथाकार के साथ रचनात्मक सह अस्तित्व पाने में प्रायः विफल रहा है।''[2] आगे चलकर संजीव कुमार इस बात को और स्पष्ट करते हुए यह बताते हैं कि क्यों मुक्तिबोध के यहाँ पूर्ण और अपूर्ण कहानियों की संख्या लगभग बराबर है। वे लिखते हैं–''कथाकार वाली कल्पनाशीलता का यह अभाव मुक्तिबोध के कहानी संसार में अपूर्ण रचनाओं कीबड़ी संख्या और पूर्ण कही जाने वाली कहानियों में भी अधूरेपन की प्रतीति का कारण है। ऐसा जान पड़ता है कि उनकी ज्यादातर कहानियों का भ्रूण चिंतन सूत्रों से निर्मित हुआ है, कथा स्थितियों की कौंध से नहीं। कथा स्थितियों की कौंध में जिस तरह

Scanned by CamScanner

उदयप्रकाश की कहानियों में राजनीतिक समस्याएँ/ **मिनी॰ एस॰, डॉ॰ बी॰ कामकोटि** 127
हिंदी कथासाहित्य और आलोचना : विधात्मक स्वरूप की पहचान/ **डॉ॰ रामकिंकर पांडेय** 130
समाज के विविध आयामों की झाँकी : एक सच्ची-झूठी गाथा/ **स्मृति स्मरणिका जेना** 138
वर्तमान शिक्षा-प्रणाली की दुर्दशा (सूर्यबाला के दीक्षांत उपन्यास के संदर्भ में)/ **विनीता विश्वाल** 142
जैनधर्म में अहिंसा और मोक्ष की अवधारणा/ **पूजा** 148
हिंदी सिनेमा में अभिव्यक्त आपदा का स्वरूप/ **डॉ॰ सीमा शर्मा** 151
गीताश्री की कहानियों में चित्रित यथार्थबोध/ **अर्चना यादव, डॉ॰ जयकरण यादव** 158
कालीदास विरचित मेघदूत में वर्णित आयुर्वेदिक वनस्पतियाँ/ **केशव दत्त जोशी, डॉ॰ लज्जा भट्ट (पंत)** 166
समकालीन कहानियों में सामाजिक चेतना/ **वंदना देवी, डॉ॰ कल्पना दुबे** 170
कश्मीर विषयक हिंदी कविता : उद्भव और विकास/ **उमर बशीर** 175
उत्तराखंड की भोटिया जनजाति : इतिहास, समाज एवं संस्कृति/ **हर्ष अग्निहोत्री, डॉ॰ गुड्डी बिष्ट पंवार** 183
ममता कालिया की कहानियों में स्त्री-चेतना/ **नगीना मेहरा** 188
शैलेश मटियानी के उपन्यासों में नारी जीवन की समस्याएँ/ **सुबिया फैसल,डॉ॰ रेशमा अंसारी** 192
भूमंडलीकरण और सांस्कृतिक ग्राह्यता का प्रश्न श्वेत एवं स्याह पक्ष/ **डॉ॰ अनिता पाटील** 196
दलित-चिंतन के नए परिपेक्ष्य/ **ललिता यादव, प्रज्ञा पाठक** 203
हिंदी और कन्नड़ मुस्लिम उपन्यासकारों के उपन्यासों में सामाजिक चेतना/ **मेहराज बेगम सैय्यद, डॉ॰ श्रीमती राजु एस॰ बागलकोट** 208
साकेत एक दृष्टि/ **डॉ॰ वंदना शर्मा** 212
गोदान और यथार्थवाद/ **अनिरुद्ध गोयल** 217
गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का जीवन-दर्शन/ **डॉ॰ विशेष कुमार राय** 224
ओसिया मंदिर समूह की हरिहर प्रतिमाओं का कलात्मक वैशिष्ट्य/ **बालिष्टर सिंह राठी** 230
भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक विकास में श्रमण-परंपरा का योगदान/ **डॉ॰ बृजेंद्र सिंह बौद्ध** 235
आवां उपन्यास के प्रधान नारी-पात्र/ **डॉ॰ मोहम्मद शाकिर शेख** 241
नारी-विमर्श के नए प्रश्न : प्रभा खेतान के चिंतन के विशेष संदर्भ में/

Scanned by CamScanner

हिंदी कथासाहित्य और आलोचना : विधात्मक स्वरूप की पहचान

डॉ॰ रामकिंकर पांडेय
सहायक प्राध्यापक (हिंदी)
शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
चिरमिरी, कोरिया (छ॰ग॰)

साहित्य में विभिन्न विधाएँ प्रारंभिककाल से ही मौजूद तो रही है पर इनके अस्तित्व और स्वरूप को लेकर साहित्य चिंतकों में पर्याप्त मतभेद रहा है। हिंदी में प्रारंभिक विधाएँ महाकाव्य, खंडकाव्य, चंपू काव्य के रूप में हमारे सामने हैं जिनका विस्तृत इतिहास हमें काव्यशास्त्र में उपलब्ध है। भारतीय काव्यशास्त्र का आरंभ नाट्यशास्त्र से माना जाता है जिसका रससिद्धांत नाटक और महाकाव्य से गहराई से संबंधित था। आचार्य भामह ने गद्य और पद्य को काव्य अर्थात् साहित्य की विधाएँ बताई हैं–'शब्दार्थौसहितौ काव्यं गद्यं पद्यं तद्विधा'[1] (काव्यालंकार–1/16) आगे चलकर उन्होंने और व्याख्या करते हुए साहित्य के पाँच प्रकार सर्गबंध, अभिनेयार्थ, आख्यायिका, कथा अनिबद्ध बताए–

संगबन्धोऽभिनेयार्थः तथैवाख्यायिका कथा।
अनिबद्धउच काव्यादि तत्पुनः पउचधोच्यते।[2]

–काव्यालंकार 1/18

साहित्य की विधाओं पर विचार करते हुए महाकवि और गद्यकार आचार्य दंडी ने छंद के परिप्रेक्ष्य में उसकी तीन विधाएँ बताई हैं–'गद्यं पद्यं मिश्रउच तत्र त्रिधैव व्यवस्थितम्। (काव्यादर्श1/11) इसी तरह अग्निपुराण में भी गद्य, अर्थात् 'पाद विभाग से रहित पदों का प्रवाह के तीन भेद बताए गए हैं–चूर्णक, उत्कलिका तथा वृत्तगंधि। गद्य को शैली तथा विषयवस्तु के आधार पर पाँच प्रकारों में बाँटा गया है–आख्यायिका, कथा, खंडकथा, परिकथा और कथानिका। हिंदी साहित्य की वर्तमान कथा-आलोचना के अनेक शब्द जैसे–कथा, उपन्यास, उपन्यासिका, लघु उपन्यास, लंबी कहानी, लघुकथा इत्यादि को उक्त वर्गीकरण से जोड़कर देखा जा सकता है।

